भारत सरकार
कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय
कृषि एवं किसान कल्याण विभाग
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 174
03 फरवरी, 2023 को उत्तरार्थ

विषय: किसानों की कम होती आय

174. श्री मल्लिकार्जुन खरगे:

क्या कृषि एवं किसान **कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि वर्ष 2016-17 और 2020-21 के बीच वास्तविक कृषि आय में प्रतिवर्ष 1.5 प्रतिशत की वार्षिक गिरावट आई है;
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और
(ग) सरकार द्वारा वर्ष 2022 तक किसानों की आय दोगुना करने के लक्ष्य को प्राप्त नहीं किए जाने के क्या कारण हैं?

उत्तर
कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री
(श्री नरेन्द्र सिंह तोमर)

(क) से (ग): राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ), सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (एमओएसपीआई) ने कृषि वर्ष जुलाई 2018- जून 2019 के संदर्भ में एनएसएस 77वें दौर (जनवरी 2019-दिसंबर 2019) के दौरान देश के ग्रामीण क्षेत्रों में कृषि परिवारों का स्थिति आकलन सर्वेक्षण (एसएएस) किया। ऐसा ही सर्वेक्षण एनएसओ द्वारा 70वें दौर के दौरान भी आयोजित किया गया था। एसएएस के परिणाम के अनुसार, 2012-13 और 2018-19 के दौरान प्रति कृषि परिवार की औसत मासिक आय नीचे दी गई है।

अवधि	**औसत मासिक आय (रूपए में)**
2012-13 (70वां दौर)	6,426
2018-19 (77वां दौर)	10,218

स्रोत: एनएसएस रिपोर्ट संख्या 576, एसएएस (70वां दौर -2013) और एनएसएस रिपोर्ट संख्या 587, एसएएस (77वां दौर-2019), एमओएसपीआई।

*****